# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (18.02.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 18.02.2025, PAGE-04**

# सर्टिफिकेट के लिए विवि का काट रहे चक्कर



मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में सोमवार को छात्र संवाद का आयोजन किया गया। संवाद में डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान, और दोनों डिप्टी कंट्रोलर डॉ. रेणुबाला व डॉ. आनंद दुबे ने छात्रों की समस्याएं सुनीं। छात्र संवाद में आरडीएस कॉलेज की छात्रा वंदना कुमारी ने कहा कि वह अपने सर्टिफिकेट के लिए दो महीने से विवि का चक्कर लगा रही है, लेकिन उसे सर्टिफिकेट नहीं दिया गया। छात्रा का मामला आईटी सेल के अमन राज को दिया गया। इसी तरह कई छात्रों के मामले को ऑनस्पॉट सुलझाया गया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 18.02.2025, PAGE-04

## छात्रों को हॉस्टल खाली करने का निर्देश

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के पुराने विद्यार्थियों को हॉस्टल खाली करने का निर्देश विवि प्रशासन ने दिया है। पीजी सत्र 2022-24 के विद्यार्थियों को अविलंब हॉस्टल खाली करने को कहा गया है। विवि प्रशासन की तरफ से भेजे गये पत्र में कहा गया कि पीजी सत्र 2022-24 का सत्र पूरा हो गया है, इसलिए विद्यार्थी हॉस्टल खाली कर दें। जिन विद्यार्थियों का रिन्यूअल बाकी है, वह भी जल्द से जल्द रिन्यूअल करा लें।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 18.02.2025, PAGE-04

## सीनेट हॉल में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग व आईसीएचआर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सीनेट हाल में ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ। उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. संगीत रागी ने किया। मुख्य अतिथि सेंट्रल यूनिवर्सिटी मोतिहारी के कुलपति डॉ. संजय श्रीवास्तव थे। अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र राय ने की।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 18.02.2025, PAGE-06

# शुल्क वापसी के लिए चक्कर लगा रही पीजी की छात्रा

- छात्र संवाद में पहुंची छात्रा ने की शिकायत, नहीं हो रही सुनवाई
- कहा–नामांकन के बाद जारी हुआ फीस नहीं लेने का आदेश

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पिछले वर्ष पीजी फोर्थ सेमेस्टर में नामांकन में एक छात्रा से पूरा शुल्क ले लिया गया। जब छात्रा ने अपना नामांकन करा लिया तो उसके बाद विश्वविद्यालय की ओर से केवल फोर्थ सेमेस्टर के नामांकन में शुल्क नहीं लिए जाने संबंधी निर्देश जारी किया गया। इसी को आधार बनाकर सोमवार को छात्र संवाद में छात्रा अपनी समस्या सुनाने पहुंची।

छात्रा का कहना था कि कुछ को नामांकन शुल्क नहीं देना पड़ा है। छात्रा ने शुल्क वापस करने की मांग की है। दूसरी ओर पिछले वर्ष हुई ला की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने से वंचित छात्र-छात्राओं ने दुबारा परीक्षा कराए जाने या नामांकन की अनुमति देने की मांग को लेकर छात्र संवाद में पहुंचे। विद्यार्थियों का कहना था कि कई बार विश्वविद्यालय का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई भी फैसला नहीं हो सका है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि छात्रों की मांग परीक्षा बोर्ड की बैठक में रखी जाएगी। दूसरी ओर आरडीएस कालेज की छात्रा नीलम कुमारी ने डिग्री नहीं मिलने की शिकायत की। बताया गया है कि जल्द ही समस्या दूर की जाएगी। वहीं कुछ छात्रों ने अंकपत्र में सुधार करने के लिए आवेदन दिया है। छात्र संवाद में डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालास पासवान, डिप्टी कंट्रोलर डा. रेणुबाला और डा. आनंद प्रकाश दुबे उपस्थित रहे।



छात्र संवाद में शिकायत रखती छात्रा • जागरण

**संस्थान बदलने के लिए आ रहे आवेदन:** पीजी कोर्स में चल रही नामांकन प्रक्रिया के बीच छात्र-छात्राएं लगातार संस्थान बदलने की मांग कर रहे हैं। बेतिया की छात्रा ने विश्वविद्यालय में आवेदन देकर कहा है कि मेरिट लिस्ट में उसका नाम एमजेके कालेज बेतिया के लिए जारी किया गया है। छात्रा अपना नामांकन पीजी हिंदी विभाग में कराना चाहती है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

PRABHAT KHABAR
MUZAFFARPUR
DATE: 18.02.2025
PAGE-04

## सत्र समाप्ति पर हॉस्टल खाली करने का निर्देश

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में सत्र समाप्ति के बाद भी छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को हॉस्टल खाली करना होगा. यदि खाली नहीं किया तो विवि स्तर से अनुशासनिक कार्रवाई होगी. डीएसडब्ल्यू कार्यालय से पत्र जारी किया गया है. पीजी सत्र के तहत फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा पूरी हो चुकी है. ऐसे में विद्यार्थी स्वेच्छा से कमरा खाली कर दें.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 18.02.2025, PAGE-04

**बीआरएबीयू के राजनीतिक विज्ञान विभाग में हुआ सेमिनार, वक्ताओं ने कहा-**

# सांस्कृतिक मूल्यों से देश बनेगा सफल

उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर

दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो संगीत रागी ने कहा कि भारतीयों को अपराध बोध से मुक्त होकर भारत बोध की मनोवृत्ति पर ध्यान देना चाहिये. सांस्कृतिक मूल्यों द्वारा ही भारत को सफल व सार्थक राष्ट्र बना सकते हैं.

भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की आधारशिला में वेद, वेदांग, उपनिषद, रामायण, महाभारत, गीता, विवेकानंद, अरविंद, सावरकर, टैगोर व गांधी की प्रमुख भूमिका रही है. सनातन संस्कृति के मूल्यों को हमेशा ही संरक्षित और संवर्धित इन महान विभूतियों ने किया है. प्रो रागी बीआरएबीयू के राजनीतिक विज्ञान विभाग में सेमिनार के मुख्य वक्ता थे.इसका आयोजन इंडियन काउंसिल आफ हिस्टॉरिकल रिसर्च द्वारा किया गया. यह दो दिनों तक चलेगा. उद्घाटन सत्र में बीआरएबीयू के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने भारतीय संस्कृति को सर्वांगीण,सामूहिक व सहजीवी बताया. बतौर मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केंद्रीय विवि, मोतिहारी के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के जड़ों को सनातन संस्कृति और शिक्षा से पोषित होना चाहिये.

कार्यक्रम में संयोजक राजनीतिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो नीलम, प्रो मधु सिंह, समन्वयक प्रो दिलीप, डॉ कांतेश, डॉ भारती सेहता, डॉ रक्षा सिंह मौजूद रहे. मंच संचालन डॉ अमर बहादुर शुक्ल ने किया.



विवि के सीनेट हॉल में पॉलिटिकल साइंस विभाग के सेमिनार में मौजूद अतिथि .